चाहे लाख मुसीबत आए पर मुझको विश्वास है

चाहे लाख मुसीबत आए पर मुझको विश्वास है,
डर की क्या बात है बाबा जब साथ है
चाहे लाख़ मुसीबत आये पर मुझको विश्वास है,
डर की क्या बात है बाबा जब साथ है

एक भरोसा है मुझको श्याम ही साथ निभाएंगे,
अपने भक्तों के ऊपर बाबा प्यार लुटाएंगे,
करके देखो इनसे यारी हाथों में ले हाथ है,
डर की क्या बात है बाबा जब साथ है

इनके एक इशारे से नैया मेरी चलती है,
इनकी रोटी के टुकड़ों पे सारी दुनियाँ पलती है,
आज फिकर ना कल हो मुझको मालिक मेरे साथ है,
डर की क्या बात है बाबा जब साथ है,

सुरेश राजस्थानी तो सेवा तेरी पाया है,
सच कहता हूँ श्याम धणी यह सब तेरी माया है,
राम कुमार पर करना हरपल खुशियों की बरसात है,
डर की क्या बात है बाबा जब साथ है,
चाहे लाख मुसीबत आए पर मुझको विश्वास है,
डर की क्या बात है बाबा जब साथ है,
चाहे लाख़ मुसीबत आये,पर मुझको विश्वास है,
डर की क्या बात है बाबा जब साथ है

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22632/title/chahe-laakh-musibat-aaye-par-mujhko-vishvash-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |